हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 212 | देहरादून, बुधवार, 14 फरवरी 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 16



धामी सरकार ने थमाया मास्टरमाइंड को 2.44 करोड़ का नोटिस 3

# केंद्रीय मंत्री गडकरी और सीएम ने 30 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार , 14 फरवरी , केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पावन धाम के निकट आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीन किलोमीटर लम्बे दूधाधारी एलिवेटेड फ्लाई ओवर का लोकार्पण तथा श्यामपुर रेलवे फाटक के निकट वैली ब्रिज के साथ 04 लेन चौड़ीकरण एवं कॉजवे के निर्माण का शिलान्यास सहित 4750 करोड़ रूपये की लागत के 30 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने इस अवसर पर हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण की 409 लाख रूपये की लागत की दो परियोजनाओं-हरिद्वार में ऊंची शिवमूर्ति के समीप केबल ब्रिज पर डायनमिक स्थाई फसाड विद्युत सौन्दर्यीकरण का कार्य व शंकराचार्य चौक के समीप स्पोर्ट्स जोन का विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य का उद्घाटन किया। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि श्यामपुर फाटक आरओबी आदि का तीन महीने के अन्दर टेण्डर निकाल कर कार्य प्रारम्भ कर देंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में वर्ष 2016 में 2 हजार 517 किमी राष्ट्रीय मार्ग था जो वर्ष 2024 में बढ़कर 3608 किमी पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि हमने उत्तराखण्ड में 16 हजार करोड़ रूपये के रोपवे मंजूर किये हैं। उत्तराखण्ड में जो भी सड़कें बनेंगी, वे राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की होंगी। उन्होंने घोषणा कि त्यूनी-चकराता-मसूरी-टिहरी-मलेठा तीन हजार करोड़ की लागत से 315 किमी टू लेन 2024 तक बन जायेगा।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करते हुये कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में सड़कों आदि के क्षेत्र में अनेक काम उत्तराखण्ड में होने के साथ ही पूरे देश में कनेक्टविटी के क्षेत्र में एक क्रान्ति आई है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता की यात्रा के लिये सड़कों का निर्माण अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिसकी वजह से सभी की यात्रा अब सुगम होती जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरणा पाकर और उनके ही मार्गदर्शन में, उत्तराखंड में भी विकास के एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में हर स्तर पर कनेक्टिविटी को सुधारा जा रहा है, उद्योगों के विकास पर बल दिया जा रहा है और भविष्य की आवश्यकताओं को केंद्र में रख कर नीतियां बनाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शहर अब तेजी से आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन रहे हैं और इसी के दृष्टिगत हम निरंतर अपने शहरों को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। युवा उत्तराखंड अब एक नए जोश और एक नई उमंग के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है और हम उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प को लेकर निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का देश के सामाजिक एवं सामरिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान है, क्योंकि मानव सभ्यता की यात्रा के लिए सड़कों का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में एक महत्वाकांक्षी परियोजना प्रारंभ करना और उसे समय पर पूरा करना एनएचएआई के लिए एक सामान्य बात बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका काम सिर्फ सड़कें, ओवरब्रिज, अंडर पास बनाकर एक जगह को दूसरी जगह से जोड़ना नहीं है, बल्कि आपको अपने कार्यों से लोगों के दिलों को भी जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि निर्माण ऐसा होना चाहिए जो जनता के लिए, जनता का और जनता द्वारा की भावना से प्रेरित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि मैं, कहूँ कि एनएचएआई आज सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास हेतु एक मजबूत स्तंभ बन चुका है तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज ही 47 सौ करोड़ रुपए लागत की 28 परियोजनाओं का भूमि पूजन और 2 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद उत्तराखंड विकास पथ पर अग्रसर होने के साथ ही देवभूमि की तरह ही डेवलप भूमि कहलायेगा।

# टनकपुर में 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का शिलान्यास

- विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में धामी
- सीएम ने कहा, प्रदेश में जारी विकास कार्यों की प्रगति संतोषजनक है
- हमने चुनाव से पूर्व समान नागरिक संहिता का वायदा किया था, जिसे हमने पूरा किया है: पुष्कर सिंह धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड, 14 फरवरी , उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी के साथ टनकपुर (चम्पावत) में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान टनकपुर में 2,217 करोड़ रुपए की लागत वाली 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। CM पुष्कर सिंह ने टनकपुर में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में आए सभी लोगों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन कर कार्यक्रम को संबोधित किया।

आने वाले समय में टनकपुर में श्रद्धालुओं के आने का आंकड़ा बढ़ेगा :

विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम प्रदेश में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- अनेक परियोजनाओं पर काम हो रहा है। प्रदेश में जारी विकास कार्यों की प्रगति संतोषजनक है। हर साल 50 लाख से अधिक श्रद्धालु मां पूर्णागिरी के धाम टनकपुर में आते हैं। आने वाले समय में यह आंकड़ा बढ़ेगा। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आद कैलाश के दर्शन किए। जिसके बाद से बहुत सारे लोग यहां आ रहे हैं। हमारा प्रदेश धार्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है।



# एलन मस्क की ब्रेन चिप थ्योरी, कैसे कंट्रोल करेगी इंसानी दिमाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फ़रवरी , दुनिया के सबसे अमीर कारोबारियों में शुमार एलन मस्क ने एक नया कारनामा करके दिखाया है. दरअसल उनकी कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान में ब्रेन चिप लगाने का दावा किया है. एलन मस्क ने बताया कि इस प्रोसेस को टेलीपैथी कहते हैं. उन्होंने बताया कि इस ब्रेन चिप का फायदा सबसे ज्यादा दिव्यांग लोगों को मिलेगा. आज हम आपको बताएंगे कि टेलीपैथी क्या होती है और ये कैसे काम करती है.

न्यूरालिंक ब्रेन चिप सिक्के के आकार की है. इस चिप का इस्तेमाल मस्तिष्क और नर्वस सिस्टम के डिसऑर्डर का सामना कर रहे लोगों के लिए किया जा सकेगा. इस चिप में ढेर सारे छोटे-छोटे तार हैं, एक तार इंसान के बाल के मुकाबले 20 गुना पतला होगा. इस चिप को सर्जरी के माध्यम से बहुत सावधानी से इंसानी दिमाग के किसी खास हिस्से में लगाया जाएगा. इसके अलावा इन तारों में 1024 इलेक्ट्रोड होंगे, जो दिमाग़ की हर हरकत पर नजर रखेंगे. ये इलेक्ट्रोड दिमाग़ की फिजियोलॉजिकल और नर्वस गतिविधियों को उत्तेजित करेंगे. वहीं चिप में जो डेटा इकट्ठा होगा उसे भविष्य में होने वाली रिसर्च में उपयोग किया जा सकता है. ये इलेक्ट्रोड दिमाग के न्यूरॉन सिग्नल को प्रोसेस करते हैं. इसके बाद वो डाटा आगे न्यूरालिंक ऐप में जाता है. वहां उस डाटा को सॉफ्टवेयर डिकोड करता है और उसके आधार पर एक्शन लेता है.इसके अलावा इस चिप में एडवांस वायरलेस टेक्नोलॉजी है. जिसके जरिए ये न्यूरल सिग्नल को कंप्यूटर या फोन जैसी डिवाइस पर ट्रांसमिट करेगा.भविष्य में ये चिप धीरे-धीरे इंसान के दिमाग को समझकर उसके एल्गोरिदम के मुताबिक काम करेगा और सिग्नल देगा.

कंपनी ने दावा किया है कि ये चिप स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे बेसिक डिवाइसेज़ से कंट्रोल होगी. बता दें कि जब इस चिप का ट्रायल हो रहा था, तब शुरुआत में कुछ जानवरों पर इसका ट्रायल किया गया था. न्यूरालिंक कंपनी ने अपने यूट्यूब चैनल पर इसका वीडियो भी पोस्ट किया था. जिसमें एक अफ्रीकी बंदर जिसके दिमाग में चिप लगाई गई थी, वो जॉयस्टिक से वीडियो गेम खेलता दिख रहा है. लेकिन जानवरों पर ट्रायल के कारण कंपनी को एक जांच का भी सामना करना पड़ा था. क्योंकि न्यूरालिंक पर आरोप लगा था कि कंपनी 2018 से अब तक अपने ब्रेन चिप के ट्रायल के लिए 1500 से अधिक जानवरों की जान ली है. हालांकि कंपनी ने इसका खंडन किया था.

# क्या आप भी अपने खान-पान पर नहीं देते हैं ध्यान? तो हो जाइये सतर्क!

न्यूज़ वायरस नेटवर्क







ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फ़रवरी , आजकल की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में, कई बार हम अपने खान पान पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। व्यस्तता के चलते कई बार हम खाने का सही समय भूल जाते हैं। कई बार तो हम रात देर तक काम में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि खाना भी देर से खाते हैं। मगर क्या आपको पता है, हमारा ये रवैया हमारे दिल के लिए बड़ा खतरा हो सकता है? हाल ही में हुई एक रिसर्च के मुताबिक, ऐसा करने से हमारे अंदर हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। तो आइए जानते कैसे समय पर खाना न खाने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है..

दरअसल, स्वस्थ्य से जुड़े कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि, जब भी हम देर रात को खाना खाते हैं, तो हमारे शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक प्रभावित होती है। जिसके चलते हमारे पाचन तंत्र पर बड़ा असर पड़ता है। इसके वजह से हमारे दिल पर भी ख़ासा जोर पड़ता है। खासतौर पर, जब हम सोने से ठीक पहले भोजन करते हैं, ऐसे में हमारा शरीर खाने को ठीक से डाइजेस्ट नहीं कर पाता, जिससे हमारे खून में शुगर का स्तर बढ़ सकता है। यह स्थिति हमारे दिल पर बुरा असर डाल सकती है।

हार्ट अटैक का खतरा

ऐसी स्थिति में एक्सपर्ट्स की मानें तो हमें अपने खाने के समय का खास ध्यान रखना चाहिए। उनके हिसाब से हमें देर रात के भोजन से खुद को बचाना चाहिए और सोने से कम से कम तीन घंटे पहले हमे खाना खा लेना चाहिए। इससे हमारा शरीर खाने को अच्छे से पचा पाएगा और हमारा दिल भी स्वस्थ रहेगा। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि हम अपने खानपान में स्वस्थ खाने की आदतें शामिल जरूर करें। हमें अपनी डाइट में ताजे फल और सब्जियां, पूरे अनाज और लीन प्रोटीन जैसे स्वस्थ विकल्पों का चुनाव करके, हम न केवल अपने दिल को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि एक स्वस्थ लाइफस्टाइल की ओर भी कदम बढ़ा सकते हैं।

सही समय पर न खाने से इन बीमारियों का बढ़ जाता है खतरा

मोटापाः देर रात को खाने से अधिक कैलोरी का सेवन होता है, जो नहीं जल पाती और वजन बढ़ाती है।

टाइप 2 डायबिटीजः देर से खाना खाने से शुगर का स्तर असंतुलित हो सकता है, जिससे डायबिटीज का खतरा बढ़ता है।

हृदय रोगः देर रात को भोजन करने से शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ता है, जो हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

नींद न आने की समस्याः देर रात में भारी भोजन करने से नींद में परेशानी होती है, जिससे नींद न आने की समस्या हो सकती है।

पाचन संबंधी विकारः देर रात खाने से एसिडिटी, गैस्ट्रोइसोफेजियल रिफ्लक्स डिजीज (GERD) जैसी पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं

# चलती कार में फंस जाए Central Lock, तो 5 टिप्स से करें बचाव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फरवरी , गुजरात के नर्मदा में सड़क हादसे के बाद कार का सेंट्रल लॉक फंस गया। जिससे हादसे में चोटिल महिला को अस्पताल ले जाने में देरी हुई और उसकी मौत हो गई। अकसर हम खबरों में सुनते हैं कि कार का सेंट्राल लॉकिंग सिस्टम जाम होने से कार के अंदर बैठे लोग जलकर मर गए। आखिर इतनी महंगी गाड़ियों का यह छोटा सा सिस्टम जाम कैसे हो जाता है? अगर यह जाम हो जाए और हम अंदर फंसे हो तो कैसे आसानी से बाहर निकल सकते हैं।

पहले समझें सेंट्रल लॉक का पूरा मैकेनिज्म कुछ एंट्री लेवल गाड़ियों को छोड़ दें तो आजकल सभी गाड़ियों में सेंट्रल लॉक या Remmote Key चाबी आती है। जानकारों की मानें तो यह सिस्टम कार में लगी बैटरी से कनेक्ट होता है। यह पूरा सिस्टम सेंसर पर काम करता है और बैटरी पर ही चलता है। अब होता यह है कि तेज टक्कर लगने की स्थिति में इसका कनेक्शन बैटरी से टूट जाता है। अचानक तेज झटका लगने, आग लगने या पानी में भिगने के चलते इसका मैकेनिज्म फेल हो जाता है।

सीट बेल्ट का Hook आएगा बहुत काम

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार सेंट्रल लॉक जाम होने की स्थिति में घबराएं नहीं। अगर किसी को मोबाइल से सूचना देने की स्थिति में नहीं हैं तो गेट को खोलने का प्रयास करें। जानकारों की मानें तो खिड़की के शीशों को बीच में से मारने पर वह टूटता नहीं है। उसे चटकाने या तोड़ने के लिए उसके किनारों पर रुक-रुककर प्रेशर से वार करें। शीशा तोड़ने के लिए आप अपनी सीट बेल्ट के Hook का यूज कर सकते हैं। गाड़ियों में अलग-अलग सॉलिड स्टील के हुक आते हैं।

आफ्टर मार्केट कार एसेसरीज से करें परहेज

अकसर लोग अपनी कार को एलीट लुक देने के लिए उसमें आफ्टर मार्केट लाइट, हॉर्न, इंफोटेनमेंट सिस्टम और अन्य एसेसरीज लगवाते हैं। लेकिन इन्हें लगाते हुए दुकानदार सेफ्टी को ताक पर रखते हैं। बैटरी से कनेक्ट होने वाले कई वायर को बेतरतीब ढंग से काटा जाता है। जिससे चलते कार में शॉर्ट-सर्किट होने और कार का पूरा सिस्टम फेल होने का खतरा बना रहता है।

कार का हेडरेस्ट भी आ सकता है बाहर आने के लिए काम

शीशा तोड़ने के लिए कार में पेचकस और अन्य कुछ नुकीली चीज रख सकते हैं। इसके अलावा कार का हेडरेस्ट खिड़की का शीशा तोड़ने में काम आ सकता है। इसके दोनों सिरे में नुकीली स्टील की रॉड होती है। इसके अलावा कार में गियर लॉक से भी शीश तोड़ा जा सकता है जिसके बाद गेट खोल सकते हैं या फिर कार से बाहर निकल सकते हैं।



# धामी सरकार ने थमाया मास्टरमाइंड को 2.44 करोड़ का नोटिस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी , 14 फ़रवरी , उत्तराखंड में हल्द्वानी नगर निगम ने बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक के खिलाफ सरकारी संपत्तियों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए सोमवार को दो करोड़ 44 लाख रुपये की वसूली का नोटिस जारी किया . नगर आयुक्त द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि 'मलिक का बगीचा' में अवैध रूप से बनाए गए दो भवनों को ध्वस्त करने के लिए गयी प्रशासनिक टीम पर हमला कर मलिक के समर्थकों द्वारा नगर निगम की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया.






15 फरवरी तक जमा करना है जुर्माना

नगर निगम की ओर से जो नोटिस भेजा गया है. उसमें आठ फरवरी को घटना वाले दिन दर्ज प्राथमिकी का भी जिक्र किया गया है जिसमें मलिक को नामजद किया गया है. मलिक द्वारा कथित रूप से किए गए नुकसान का प्रारंभिक आकलन 2.44 करोड़ रुपये बताते हुए नगर निगम ने उसे 15 फरवरी तक यह राशि नगर निगम, हल्द्वानी में जमा करवाने को कहा है.

नोटिस में कहा गया है कि ऐसा न होने पर उससे कानूनी तरीके से यह वसूली की जाएगी. हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक ने ही कथित तौर पर सरकारी जमीन पर अवैध मदरसा और नमाज स्थल का निर्माण कराया था जिनके ध्वस्तीकरण के लिए जब प्रशासन की टीम पहुंची थी तो वहां पर हिंसा भड़क गई थी.

आपको बता दें कि आठ फरवरी को भड़की हिंसा में उपद्रवियों ने प्रशासनिक अमले पर पथराव किया था और वाहनों को जलाने के बाद बनभूलपुरा पुलिस थाने को भी जला दिया था. इस दौरान यहां पर जबरदस्त हिंसा देखने को मिली थी.

सैकड़ों वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था. घटना के दौरान पुलिस ने भी बल प्रयोग किया. हिंसा में छह व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी थी तथा पुलिसकर्मियों और पत्रकारों समेत 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे. सीएम धामी ने पहले ही हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई आरोपियों से करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद अब मुख्य आरोपी को 2.44 करोड़ के भारी-भरकम नुकसान का नोटिस दिया गया है.

# मंत्री जोशी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 14 फरवरी : सुबे के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कैंप कार्यालय में आगामी 24 फरवरी को देहरादून में आयोजित होने राज्य स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में ग्राम्य विकास विभाग के उच्च अधिकारियों,जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक ली।



बैठक में कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों तथा कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। 24 फरवरी को देहरादून के (सर्वे स्टेडियम प्रस्तावित स्थान) में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे लाभार्थियों से संवाद करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कार्यक्रम प्रतिभाग किया जायेगा।

मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल बनाने हेतु आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने अधिकारियों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम की थीम लखपति दीदी तथा विभिन्न विभागों के लाभार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, आयुक्त ग्राम्य विकास आनद स्वरूप, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अग्निवीर योजना के तहत इन पदों पर निकली भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 14 फरवरी : भारतीय सेना का हिस्सा बनना चाहते हैं तो ये खबर आपके लिए है। अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में महिला सेना पुलिस, हवलदार सर्वेयर ऑटो कार्टोग्राफी, सिपाही फार्मा, नर्सिंग असिस्टेंट और नर्सिंग असिस्टेंट (पशु चिकित्सा) के लिए भर्ती निकाली गई है। पीआरओ रक्षा ले. कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि भर्ती कार्यालय लैंसडाउन के मुताबिक इस वर्ष से भर्ती प्रक्रिया में सुधार करने के लिए कई नए उपाय शामिल किए गए हैं। इनमें सशस्त्र सेनाओं में चुनौतीपूर्ण माहौल के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों का पता लगाने के लिए एक नई अनुकूलन क्षमता परीक्षण शामिल है। इस परीक्षा को भर्ती रैली के हिस्से के रूप में शामिल किया जाएगा और मेडिकल टेस्ट से पहले आयोजित किया जाएगा। जो युवा इस परीक्षा को पास करेंगे, उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी। फर्जी उम्मीदवारों को बाहर निकालने के लिए आईरिस स्कैन के रूप में एक नई बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया शामिल की गई है।



इसके अलावा अग्निवीर (कार्यालय सहायक) के लिए भी एक नया टाइपिंग टेस्ट, कंबाइंड एंट्रेंस परीक्षा के साथ आयोजित किया जाएगा। भर्ती रैली के संचालन के दौरान आधार सत्यापन किया जाएगा। भर्ती कार्यालय की ओर से युवाओं से अपील की गई है कि वह केवल अपने आधार से जुड़े मोबाइल नंबरों के साथ पंजीकरण करें। भर्ती नामांकन 13 फरवरी से शुरू होकर 22 मार्च तक चलेगा। इच्छुक युवाओं को ज्वॉइन इंडियन आर्मी वेबसाइट के लिंक https://www.joinindianarmy.nic.in / BravoApplicantEligibility.htm के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराना होगा, ये जरूरी है।

# रुद्रप्रयाग : गहरी खाई में गिरी बोलेरो, 2 की मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 14 फरवरी : रुद्रप्रयाग जिले में शराब का कहर जारी है। कोई ना कोई अनहोनी हर दिन पहाड़ों में ऐसी होती है, जिसका कारण शराब होती है। अगस्त्यमुनि क्षेत्र में बाँसवाड़ा मोहनखाल सड़क मार्ग पर भणज के समीप सेना गढ़सारी बैंड के नजदीक देर शाम एक बोलेरो के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से दर्दनाक हादसा होने की खबर है।



हादसे में वाहन चालक और उसके 5 साल के बेटे की दुखद मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक की माता, पत्नी और डेढ़ साल की बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के वक्त चालक अपने बच्चे को लेकर भणज से अपने घर क्यूंजा लौट रहा था। तभी बांसवाड़ा-मोहनखाल मोटर मार्ग पर गढ़सारी बैंड के समीप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। सोमवार को लगभग साढ़े चार बजे बलसुंडी गांव निवासी राकेश (40) अपने पांच वर्षीय बेटे रुद्र के साथ अपने वाहन से क्यूंजा लौट रहा था। राकेश ने एक महीने पहले ही कुंजा में अपना घर बनाया था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कल देर शाम भणज से अपने घर लौट रही एक बोलेरो अचानक सेना गढ़सारी बैंड के निकट घाटी कटान में गहरी खाई में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो गई।

घाटी के दूसरी छोर पर बसे भणज गाँव के ग्रामीणों ने जब गाड़ी गिरने की भयंकर आवाज सुनी तो अनहोनी की आशंका उठी। आनन फानन में ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। गहरी खाई से नीचे गिरने के कारण बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए। यह वाहन बलसूण्डी निवासी का बताया जा रहा है, जो सात वर्षीय पुत्र के साथ घर लौट रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर एसडीआरएफ मौके पर पहुंच चुकी है। खोजबीन जारी है, सूत्रों के अनुसार एक शव बरामद हुआ है। खबरों के मुताबिक 5 वर्षीय बालक जीवन और मृत्यु के बीच में जूझ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साथ में 5 वर्षीय बच्चे को लेकर व्यक्ति भणज से कुंजा अपने नए घर के ग्रह प्रवेश के लिए जा रहे थे।

ग्रामीणों ने व्यक्ति के शराब के नशे में होने की आशंका जताई है। पांच साल का रूद्र दुर्घटना के समय गाड़ी में ही था जो दुर्घटना के समय गाड़ी से छिटक गया, जिसके बाद गांव वालों और SDRF ने 4 घंटे की तलाश के बाद बच्चे का पता लगाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक जब मिला तब बच्चे की सांसे चल रही थी, जिसके बाद बच्चे को अस्पताल में भरती किया गया। अब सूचना मिली है कि सात वर्षीय बालक जीवन और मृत्यु के बीच में जूझ रहा है। हमारी पाठकों से अपील है की कृपया नशे की हालत में वाहन न चलायें।

## राजस्थान से जीतकर लौटे वेटरन खिलाडियों को नवाजा

देहरादून। अलवर, राजस्थान से मेडल जीतकर लौटे वेटरन खिलाडियों को कांग्रेस ने देहरादून में सम्मानित किया। मेडल जीतने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। जिसमें उमा कोठारी ने 65 प्लस आयु वर्ग में हिस्सा लेकर राज्य के लिए मेडल जीता। 19वीं राष्ट्रीय ओपन स्व. युवरानी महेंद्र कुमारी स्मृति खेल प्रतियोगिता का आयोजन इस बार अलवर, राजस्थान में किया गया। पिछले साल यह प्रतियोगिता देहरादून में हुई थी। देहरादून से कुल छह वेटरन खिलाडियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें पांच खिलाडियों ने मेडल जीता है। जिन्हें मंगलवार को गोविंदगढ़ के पूर्व पार्षद चरणजीत कौशल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने सम्मानित किया। प्रीतम सिंह ने कहा कि वेटरन खिलाडियों का हौसला बच्चों और युवाओं को प्रेरणा देती हैं। इस मौके पर मेडल विजेता उमा कोठारी, विजयराम सिंह बिष्ट, कमल रावत, अक्षांत नेगी और अवरिल नेगी को सम्मानित किया गया।

# वेलेंटाइन डे स्पेशल : यहाँ है लव मैरिज कराने वाला हनुमान मंदिर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फरवरी , दुनियाभर में हनुमानजी के कई मंदिर हैं. जिसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है. ऐसे ही अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में प्राचीन हनुमानजी का मंदिर है, जो लगनिया (शादी वाले) हनुमानजी के नाम से प्रसिद्ध है. ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में शादी करने वाले प्रेमी जोड़े का वैवाहिक जीवन सुखी होता है. उनके जीवन में कोई मुश्किल नहीं आती.प्रेमी जोड़े खास तौर पर इस मंदिर में शादी करने के लिए आते हैं.

वकीलों का बड़ा योगदान

कहा जाता है कि इस मंदिर में प्रेम विवाह की प्रथा गुजरात में आए विनाशकारी भूकंप के बाद शुरू हुई थी. भूकंप के बाद सभी अदालतें मेघाणी नगर इलाके में स्थानांतरित कर दी गईं. उस समय यहां हनुमानजी का एक छोटा सा मंदिर था. फिर वकीलों ने कोर्ट में आवेदन किया और उन्हें इस मंदिर में शादी करने की अनुमति मिल गई, जिसके बाद इस मंदिर में शादियां होने लगीं.

कभी भी आ सकते हैं प्रेमी जोड़े

जिन लोगों को कोर्ट से विवाह की अनुमति मिल जाती थी, वे यहां दरबार में विवाह करने आते और हनुमानजी के दर्शन के बाद गृहस्थी शुरू करते है। फिर अदालत को दूसरी जगह ले जाया गया, लेकिन इस मंदिर में शादी करने की प्रथा आज भी जारी है. इस मंदिर में हिंदू-मुस्लिम विवाह भी होते हैं. क्योंकि, मंदिर में किसी भी प्रकार का जाति या धर्म का भेदभाव नहीं है. दिन हो या रात किसी भी समय इस मंदिर के दरवाजे प्रेमी जोड़ों के लिए हमेशा खुले रहते हैं.



15000 से अधिक शादियां हो चुकी


लगनिया हनुमान मंदिर के महंत कहते हैं कि यहां 2004 में कोर्ट की शुरुआत हुई थी. तभी से यहां शादियां होने लगीं. 2004 से अब तक 15,000 से अधिक जोड़े विवाह में शामिल हो चुके हैं. ऐसा माना जाता है कि प्रेमी युगल के प्रेम विवाह की जिम्मेदारी स्वयं हनुमान जी ने ली है.यहां सबसे ज्यादा प्रेम विवाह करने वाले जोड़े आते हैं. शादी के लिए आने वाले जोड़े को विवाह फॉर्म के साथ जोड़े का आयु प्रमाण पत्र, आईडी प्रूफ, लिविंग सर्टिफिकेट, दो गवाह और उनका आईडी प्रूफ आदि दस्तावेज कार्यालय में जमा कराने होंगे. विवाह समारोह संपन्न होने के बाद संस्था द्वारा विवाह प्रमाणपत्र भी जारी किया जाता है.




# मंगलौर से सरवत करीम के बेटे उबेदुर्रहमान को टिकट देगी बसपा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मंगलौर 14 फरवरी : बहुजन समाज पार्टी अपने विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद मंगलौर विधानसभा उप चुनाव में उनके पुत्र उबेदुर्रहमान अंसारी को चुनाव लड़ाएगी। पार्टी ने लोकसभा की पांचों सीटों के साथ ही इस उप चुनाव के लिए भी तैयारी तेज कर दी है। राज्य बनने के बाद से आज तक इस सीट पर पंच चुनाव हुए, जिनमें चार बार बसपा और एक बार कांग्रेस के प्रत्याशी को जीत मिली है।



आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बसपा ने पांचों सीटों पर तैयारी शुरू कर दी है। बसपा के अध्यक्ष चौधरी शीशपाल ने बताया कि पांचों सीटों पर दावेदार सामने आए हैं। इसी महीने बसपा सुप्रीमो मायावती प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगा देंगी। उन्होंने बताया कि मंगलौर विधानसभा सीट पर लोकसभा के साथ ही होने वाले उपचुनाव में बसपा अपने स्व. विधायक सरवत करीम के पुत्र उबेदुर्रहमान को चुनाव लड़ाने जा रही है।

उबेदुर्रहमान उर्फ मोंटी ने इसी हिसाब से जनसंपर्क तेज कर दिया है। पार्टी ने भी मंगलौर विस क्षेत्र में कार्यक्रम तेज कर दिए हैं। इस सीट का इतिहास देखें तो अभी तक बसपा का पलड़ा भारी रहा है। वर्ष 2002 के पहले विस चुनाव में मंगलौर विस सीट पर बसपा से काजी निजामुद्दीन ने 21155 वोटों के साथ जीत दर्ज की थी, कांग्रेस से चुनाव लड़े सरवत करीम 14561 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। 2007 के विस चुनाव में बसपा से काजी निजामुद्दीन दोबारा 25559 मतों के साथ विजयी रहे थे जबकि रालोद के चौ. कुलवीर सिंह 22166 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के सरवत करीम 18629 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।


**2022 के चुनाव में लगातार दूसरी बार सरवत करीम जीते :** वर्ष 2012 के चुनाव में बसपा के टिकट से लड़े सरवत करीम अंसारी 24706 वोटों के साथ विजयी रहे जबकि कांग्रेस से चुनाव लड़े काजी निजामुद्दीन 24008 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 2017 के विस चुनाव में बाजी पलटी और कांग्रेस से चुनाव लड़े काजी निजामुद्दीन 31352 वोट पाकर विजयी हुए जबकि बसपा के सरवत करीम अंसारी 28684 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर आए। 2022 के चुनाव में लगातार दूसरी बार बसपा के सरवत करीम 32660 वोटों के साथ विजेता रहे जबकि कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन 32062 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे।

# क्रेडिट कार्ड के लिए 1 अप्रैल से बदलने जा रहे हैं ये बड़े नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 फरवरी , अगर आप भी ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन करते हैं तो यह आपके लिए बड़ी खबर है। जल्द ही एक नियम बदलने वाला है. आज बहुत से लोग ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन करते हैं। ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करना जितना आसान है उतना ही खतरनाक भी। लेकिन सूत्रों से मिली इस एक्सक्लूसिव खबर के बाद धोखाधड़ी का खतरा थोड़ा कम हो जाएगा. ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए जल्द ही डबल फैक्टर ऑथेंटिकेशन लागू करने की तैयारी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बैंक की ओर से ग्राहकों को सीधे मोबाइल हैंडसेट पर एक डिजिटल कोड भी भेजा जाएगा. इस डिजिटल कोड को ओटीपी के साथ दर्ज करने के बाद लेनदेन पूरा हो जाएगा। बैंकों को मोबाइल हैंडसेट पर ओटीपी के साथ एक डिजिटल कोड भेजने का निर्देश दिया गया है। डिजिटल कोड IMEI नंबर के जरिए सीधे मोबाइल हैंडसेट पर भेजा जाएगा।




सिम क्लोनिंग और कॉल फॉरवर्डिंग घोटाले पर लगाम लगाने की तैयारी चल रही है। सरकार ने बैंकों और टेलीकॉम कंपनियों को नए नियम लागू करने का निर्देश दिया है. बैंकों से ओटीपी की वैधता अवधि भी कम करने को कहा गया है. गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंकों से मौजूदा OTP सिस्टम पर निर्भरता कम करने को कहा है.

# देशभर में साइबर ठगी के 159 केस, 3272 शिकायत साइबर थाना पुलिस ने दबोचा आरोपी

देहरादून। देशभर में 159 साइबर ठगी के मुकदमों और 3272 शिकायतों में आरोपी को देहरादून साइबर थाना पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी से जिन बैंक खातों की जानकारी मिली, उनमें साइबर ठगी के 21 करोड़ रुपये जमा होने की बात सामने आई है। आरोपी देहरादून निवासी व्यक्ति से एक करोड़ रुपये की साइबर ठगी में शामिल था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि मोहितनगर, जीएमएस रोड निवासी आशुतोष भारद्वाज की तहरीर पर साल 2022 में केस दर्ज किया गया। कहा कि उनके पास क्रिएट वेल्थ नाम की कंपनी से जुड़ा बताकर लिसा नाम की महिला ने संदेश भेजा। कहा कि उनकी कंपनी म्युचुअल फंड में निवेश कराती है। जिस पर बड़ा रिटर्न मिलता है। इस तरह झांसे में लेने के लिए पीड़ित से पहले दस हजार रुपये का निवेश कराया। जिस पर अच्छा रिटर्न दिया। इस तरह झांसे में लेकर बाद में बड़ा निवेश कराया और पीड़ित से एक करोड़ रुपये हड़प लिए। लंबी जांच के बाद पुलिस ने यूसुफ मिर्जा खान (46) पुत्र मिर्जा बोला खान निवासी साल्ड पैन रोड, बिहाइंड संगम नगर पुलिस स्टेशन, हिन्दुस्तान नगर, वडाला ईस्ट मुम्बई सिटी, महाराष्ट्र को महाबलेश्वर महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। साइबर थाने के सीओ अंकुश मिश्रा ने बताया कि आरोपी मलेशिया में बैठे साइबर ठगों को बैंक खाते और उनसे लिंक मोबाइल नंबरों की जानकारी भेजता है। इन खातों में साइबर ठग लोगों से रकम जमा कराते हैं। रकम खाते में आने पर उसे ट्रांसफर के काम में युसुफ शामिल रहता था। इस मामले में साइबर थाना पुलिस पूर्व में महमीद सरीफ (40) निवासी कर्नाटक और वैश्यक उनीकृष्णन निवासी केरला को गिरफ्तार कर चुकी है।

# उत्तराखंड में बिजली के दाम बढने से फिर झटका, ऊर्जा निगम सुनवाई का दे रहा मौका

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड में बिजली के दाम ऐक बार फिर बढने वाले है। 1 अप्रैल से पूरे सालभर के लिए बिजली की नई दरें जारी की जाएंगी। इन दरों को तय करने से पहले उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग आम जनता से आपत्ति और सुझाव आमंत्रित कर रहा है। इसके लिए पूरे प्रदेश में चार जगह सुनवाई का कार्यक्रम तय किया गया है। यदि आम जनता को एक अप्रैल से बिजली की महंगी दरों से बचना है तो इसके लिए आपत्ति दर्ज करानी होगी। नवंबर में ऊर्जा निगम की ओर से बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा गया था।

इस पर अब यूईआरसी ने आमजन से ऑनलाइन और ऑफलाइन आपत्तियां-सुझाव आमंत्रित किए हैं। इस बार अल्मोड़ा, रुद्रपुर, टिहरी और देहरादून में सुनवाई होगी। अल्मोड़ा में नगर पालिका सभागार में 19 फरवरी, रुद्रपुर के विकास भवन सभागार में 20 फरवरी में सुनवाई होगी। इसी के साथ ही, टिहरी के जिला पंचायत सभागार में 24 फरवरी और देहरादून स्थित विद्युत नियामक आयोग में 26 फरवरी को सुनवाई होगी। इसके बाद आयोग मार्च अंतिम सप्ताह में बिजली दरों को जारी करेगा, जो एक अप्रैल से लागू होंगी। आपत्ति दर्ज कराने में नहीं दिखाई जाती दिलचस्पीः बिजली की महंगी दरों पर राजनीतिक दलों समेत तमाम संगठन विरोध करते हैं, पुतले फूंके जाते हैं। लेकिन, जब सुझाव-आपत्ति मांगी जाती है तो कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आपत्ति दर्ज कराने से परहेज करते हैं। आम जनता की ओर से भी गिने-चुने ही पहुंचते हैं। यह भी एक बड़ी वजह है कि हर साल बिजली दरों में इजाफा होता जा रहा है।

> बिजली दरें फाइनल करने से पहले आमजन की आपत्ति और सुझाव भी आमंत्रित किए जा रहे हैं। सुनवाई कार्यक्रमों में आम जनता समेत उद्योग और व्यवसायी भी अपना पक्ष रख सकते हैं। नई दरें तय करने में इन सुझावों और आपत्तियों की अहम भूमिका रहती है।
>
> **- एमएल प्रसाद, तकनीकी सदस्य- उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग**

# सरकार किसान, मजदूर के दुःख को नहीं समझ रही : यशपाल आर्य

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 14 फरवरी , नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा आज देश के किसान तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेते समय दिए गए आश्वासनों के पूरा न होने के विरोध में नई दिल्ली तक मार्च कर रहे हैं लेकिन दिल्ली पुलिस और हरियाणा पुलिस द्वारा किसानों को परेशान करने और उन्हें उनके वैध अधिकारों का प्रयोग करने से रोकने के लिए जिन तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह बेहद अलोकतांत्रिक है और केंद्र सरकार की किसान-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है.

किसान आंदोलन के लिए कारण स्पष्ट हैं. चाहे वह पूंजीपतियों की मदद के लिए भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन करने की कोशिश हो अथवा तीन काले कृषि कानून लाना रहा हो. इन्होंने हर तरह से किसानों को नुक़सान पहुंचाने का प्रयास किया है.



किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी भी आज तक नहीं मिली है. किसानों के लिए बाज़ार को कमज़ोर करने का कार्य किया गया है. यहां तक कि यह सरकार किसानों को उचित लागत मूल्य देने में भी विफल रही है. 2004-14 की अवधि में कांग्रेस सरकार के दौरान गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 126 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी. अगर वर्तमान सरकार द्वारा किसानों को वहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया जाता तो आज उन्हें प्रति क्विंटल गेहूं का मूल्य 3277 रुपये मिल रहा होता ना कि मौजूदा समय में जो मिल रहा है 2275 रुपये.

> भाजपा पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाली सूट-बूट की सरकार है। भाजपा सरकार ने कभी किसानों के हित की बात नहीं की। यह सरकार किसान व मजदूर के दुःख को नहीं समझ रही। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। कांग्रेस का समर्थन किसान, मजदूर और आढ़तियों के साथ है।
>
> **-यशपाल आर्य नेता प्रतिपक्ष**

किसान ऋण के दुष्चक्र में फंसते जा रहे हैं. वर्ष 2013 से किसानों के ऊपर क़र्ज़ में 60 फीसदी बढ़ोतरी हुई है और इससे उनकी स्थिति बेहद ख़राब हो चुकी है. प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना के तहत बीमा करवाने वाले लाखों किसानों को उनके क्लेम के भुगतान में देरी की समस्या का सामना करना पड़ता है. सरकार के अपने ही आंकड़ों के मुताबिक़ '21-'22 में लगभग 2761 करोड़ रुपए के क्लेम लंबित थे.

2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े-बड़े दावों और भाषणों की आड़ में अन्नदाताओं की वास्तविकता को छुपाने की कोशिश की गई. हक़ीक़त यह है कि किसान एक सम्मानजनक जीवन भी नहीं जी पा रहे हैं. वे क़र्ज़ में डूबे हैं और उन्हें उनकी फ़सलों के नुक़सान के लिए बीमा की राशि भी नहीं मिल रही है. किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी आज तक नहीं मिली है. किसानों के लिए बाज़ार को कमज़ोर करने का कार्य किया गया है.

# हरिद्वार : गर्लफ्रेंड को प्रपोज किया तो चाकू से हमला कर दोस्त को उतारा मौत के घाट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 14 फरवरी : रुड़की के पिरान कलियर क्षेत्र में प्रेमिका को प्रपोज करने पर युवक की हत्या की गई थी। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। वहीं, पुलिस अब अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बीती रोज यानी 11 फरवरी की देर शाम को युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। इसी दौरान एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद मृतक युवक कासिफ की मां ने पुलिस में एक तहरीर दी।

तहरीर में बताया था कि उसके बेटे कासिफ को रहमतपुर निवासी मुराद और सुहैल ने खानकाह के पास बुलाकर चाकू गोदकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों युवकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने एक आरोपी मुराद पुत्र जहीर हसन से पुलिस ने पूछताछ की आरोपी मुराद ने बताया कि पिछले दो






सालों से कासिफ से उनकी दोस्ती थी। शाम को मुराद और सुहैल पिरान कलियर आए थे। इसी दौरान कासिफ भी वहां पर आ गया। जिसके बाद तीनों दोस्तों के बीच बैठकर बातचीत होने लगी।

आरोप है कि कासिफ ने प्रपोज डे पर सुहैल की गर्लफ्रेंड को प्रपोज किया था। इसी बात को लेकर सुहैल और कासिफ के बीच झगड़ा हो गया। दोनों एक दूसरे को गाली-गलौज करने लगे, गुस्साए मुराद और सुहैल ने मिलकर कासिफ को मारना शुरू कर दिया। इसी बीच अचानक से सुहैल ने कासिफ पर चाकू से हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी मुराद ने भी तैश में आकर कासिफ के पेट में चाकू घोंप दिया। जिससे बाद कासिफ घायल होकर नीचे गिर पड़ा। इसके बाद दोनों आरोपी उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। दोनों आरोपियों को नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

# आधुनिक तकनीकों से लैस जॉलीग्रांट एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग तैयार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 14 फरवरी : राजधानी देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग तैयार है। नई टर्मिनल बिल्डिंग का सीएम पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। देहरादून जौलीग्रांट एयरपोर्ट के निदेशक प्रभाकर मिश्रा ने नई टर्मिनल बिल्डिंग के बारे में मीडिया को बताया कि इसे कई आधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट टर्मिनल की नई बिल्डिंग में उत्तराखंड की कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। यहां उत्तराखंड की संस्कृति से सम्बंधित सुन्दर कलाकृतियां बनायीं गयी हैं। इसके अलावा नयी टर्मिनल बिल्डिंग का क्षेत्रफल भी काफी बढ़ गया है देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट की पुरानी टर्मिनल बिल्डिंग 28729 वर्ग मीटर क्षेत्र में थी और अब फेज टू यानि जौलीग्रांट एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग को जोड़े जाने के बाद टर्मिनल की कुल जगह 42776 मीटर



की हो गई है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के निदेशक प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि टर्मिनल बिल्डिंग पुरानी बिल्डिंग की तुलना में 10 गुना अधिक क्षमता वाली हो गई है। नई टर्मिनल बिल्डिंग का 14 फरवरी 2024 को सीएम पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअली उद्घाटन करेंगे।

# कृतिदेव यहां पर्यटन की दृष्टि से कण्वाश्रम को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: महाराज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कोटद्वार। कण्वाश्रम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके पुर्णोद्धार के लिए शीघ्र ही योजनाएं धरातल पर उतारी जायेंगी।उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मभूमि, महर्षि कण्व की तपस्थली कण्वाश्रम में आयोजित ₹कण्वाश्रम महोत्सव₹ में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कही।

₹कण्वाश्रम महोत्सव₹ में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बसंतोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के प्राचीनतम विश्वविद्यालय और महर्षि कण्व की तपस्थली कण्वाश्रम कोटद्वार भाबर क्षेत्र एक प्रमुख ऐतिहासिक एवं पौराणिक केंद्र है। यह शिवालिक की तलहटी में मालिनी नदी के दोनों तटों पर स्थित छोटे-छोटे आश्रमों का प्रख्यात विद्यापीठ रहा है। प्राचीन काल में यहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा थी।

श्री महाराज ने कहा कि कण्वाश्रम, कण्व ऋषि का वही आश्रम है जहां हस्तिनापुर के राजा दुष्यन्त तथा शकुंतला के पुत्र भरत का जन्म हुआ था। यह लगभग 3500 साल पुराना है, जो ऋषि वशिष्ठ और महर्षि ऋषि कण्व का आश्रम हुआ करता था। जिसका उल्लेख कई पुराणों और ग्रंथों में मिलता है।

उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि कण्वाश्रम महोत्सव आयोजन समिति कण्वाश्रम की ऐतिहासिक महत्ता, लोकप्रियता के दृष्टिगत प्रतिवर्ष बसंती पंचमी के शुभ अवसर पर कण्वाश्रम महोत्सव का आयोजन करता रहा है। इस बार इस आयोजन में बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का समागम किया गया है। इस बार राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक दलों को भी इस महोत्सव में आमंत्रित किया गया है जो कि प्रशंसनीय है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री महाराज ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कण्वाश्रम में चक्रवर्ती सम्राट महाराज भरत की मूर्ति के निर्माण हेतु 79.74 लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। पहले चरण में रू0 47,84,400.00 स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कण्वाश्रम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके पुर्णोद्धार के लिए शीघ्र ही योजनाएं धरातल पर उतारी जायेंगी।

उन्होंने कण्वाश्रम महोत्सव आयोजन के लिए आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कण्वाश्रम महोत्सव का यह आयोजन चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्म स्थली को चिन्हित कर गौरान्वित करता है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खण्डूड़ी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, योगीराज विश्व पाल जयंत, मेला संयोजक, मंजुल डबराल, वीरेन्द्र भारद्वाज, पार्षद सौरभ नौटियाल, मनीष भट्ट, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रामेश्वरी देवी, नगर अध्यक्ष नीना बैंजवाल, शशिबाला केष्टवाल,

बीना रावत, सिमरन बिष्ट, रानी नेगी आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# बॉबी पंवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे,तैयारी शुरू

देहरादून। उत्तराखण्ड बेरोजग़ार संघ के प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। वो भी पूरी टीम के साथ। इसकी उन्होंने तैयारी शुरू कर दी है। बॉबी ने मंगलवार को प्रेस क्लब में मीडिया का सवालो के जवाब में ये जानकारी दी। बॉबी ने कहा कि चुनाव तो लडऩा है। लेकिन कहा से और किस पार्टी या निर्दलीय ये अभी तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए उनकी टीम व सभी सहयोगी काम कर रहे हैं। हालाँकि उन्होंने ये भी कहा कि भू क़ानून, मूल निवास के साथ ही बेरोजग़ारी और भ्रष्टाचार भी उनके मुद्दे होंगे। बॉबी ने सरकार परआरोप लगाते हुए कहा कि बाहरी व्यक्ति को उत्तराखंड मूल का बताते हुए जौनसार बावर के कालसी ब्लॉक में विकास नहरी के पास कृषि व बागवानी के नाम पर जमीन खऱीदी ।ये व्यक्ति उत्तराखंड का निवासी नहीं है और 12 सितंबर 2003 से पूर्व उक्त व्यक्ति के परिवार के पास उत्तराखंड में कोई कृषि भूमि अभिलेख में दर्ज नहीं है। शिकायतकर्ता को सूचना के अधिकार से प्राप्त सूचना में यह तथ्य सामने आता है, कि उक्त व्यक्ति जम्मू कश्मीर पुलिस से सेवानिवृत हुआ है, और उक्त व्यक्ति कश्मीर का एक जनजाति प्राप्त व्यक्ति है। उक्त व्यक्ति गलत गतिविधियों में सम्मिलित होने के कारण पुलिस से बर्खास्त भी रहा इसके बाद जब प्रकरण में जांच हुई तो राजस्व निरीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से यह कहा गया कि उक्त व्यक्ति ने जमीदार विनाश अधिनियम का घोर उल्लंघन किया है और उक्त भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाना न्यायोचित है। फिर तहसीलदार ने रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई न होने के कारण उनका स्पष्टीकरण होते हुए 24 जून 2023 में जिलाधिकारी ने जांच उप जिलाधिकारी कालसी को दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# अच्छी पैदावारी के लिए ट्रेंच विधि से करे गन्ने की बुवाई : वर्मा

रुडक़ी। मौसम खुलने के साथ ही किसानों ने गन्ने की बुवाई की तैयारी शुरू कर दी है। खेतों में खाद डालने के साथ-साथ जुताई आदि की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि कुछ दिनों पहले हुई बरसात के चलते अभी कुछ खेतों में ज्यादा नमी बनी हुई है। फरवरी में ठंड कम होने के साथ ही किसान गन्ने की बुवाई शुरू कर देते हैं। हाल में हुई बारिश ने खादर क्षेत्र में अभी तक खेतों में नमी बनी हुई है। इसके चलते वहा पर अभी जुताई नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही कुछ जगहों पर किसानों ने गन्ने की बुवाई की तैयारी शुरू कर दी है।



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर पंतनगर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया।

# पहाड़ से मैदान तक बिगड़ा मौसम, बारिश-बर्फबारी के आसार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 14 फरवरी ; उत्तराखंड में मौसम ने फिर करवट बदली है। राजधानी देहरादून समेत पहाड़ से मैदान तक बादल छाए हैं। वहीं, उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा कि ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने से सतही स्तर पर हवा का रुख बदलने लगा है। बदलते मौसम चक्र और जलवायु परिवर्तन के चलते कभी धूप तो कभी बारिश जैसी स्थिति बन रही है।



**कहां कैसा है मौसम का हाल**

पहाड़ों की रानी मसूरी, धनोल्टी और कैम्पटी में हल्के बदल छाए हैं। सुबह शाम ठंड हो रही है।

नई टिहरी के आस पास के क्षेत्र में हल्के बादल छाए हैं।


उत्तरकाशी में आसमान में छाए बादल। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री व अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस।

कर्णप्रयाग मौसम खराब। सुबह कुछ देर धूप खिलने बाद आसमान में छाए बादल।

रुद्रप्रयाग जनपद में मौसम ने ली करवट। आसमान में छाए बादल। केदारनाथ समेत ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

# क्या है आसमान का सही रंग, क्यों ज्यादातर दिखता है नीला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 14 फरवरी : जब पूछा जाता है कि आसमान का रंग क्या है तो लोग इसका जवाब नीला रंग ही देते हैं. पर क्या सही में ऐसा ही है. तो ऐसा क्यों है कि यह रंग हमें हमेशा नहीं दिखता है. इंटरनेट पर लोग इस सवाल का जवाब अलग अलग तरह से देते हैं. लेकिन आसमान का रंग क्या है यह कई बातों पर निर्भर करता है. फिर भी अधिकांश लोग इसका रंग नीला ही बताते हैं. लेकिन कम लोग जानते है कि वैज्ञानिक लोग इसका थोड़ा सा अलग जवाब देते हैं। दरअसल अधिकांश समय आसमान नीला और उसके शेड के रंग का देखते हैं. इसलिए आसान सा जवाब ही लोगों को याद रहता है. हकीकत में आसमान का कोई रंग होना ही नहीं चाहिए लेकिन प्रकाश के बिखराव के कारण इंसान की आंखों को आसमान का रंग नीला दिखता है।

सूर्य से आने वाली किरणें में हर रंग की तरंग होती है और किरण का रंग सफेद होता है जो सभी रंगों के मिलने से दिखता है. लेकिन जब ये किरणें वायुमंडल से गुजरती हैं हर तरंग पर उसका असर होता है और कई तरंगे अलग अलग तरह से मुड़ने लगती हैं. इसकी सबसे अच्छी मिसाल पारदर्शी प्रिज्म है। सूर्य से आने वाली किरणों में समाहित हर रंग की तरंग में से नीले रंग की तरंग है सबसे ज्यादा बिखरती है. होता यही है नीले और बैंगनी रंग के तरंगे हवा के कणों से टकरा कर सबसे ज्यादा बिखर जाती हैं जिसकी वजह से हमारी आंखों को आसमान इन्हीं रंगों के मिश्रण का दिखाई देता है. और लोग अधिकांश इसे नीले रंग के रूप में देखते हैं. प्रकाश के बिखरने की इस प्रक्रिया को रिगलीज स्कैटरिंग कहते है।

वैज्ञानिकों को कहना है कि सबसे ज्यादा बिखराव नीली और बैंगनी तरंगों का होता है तो आसामान रंग भी बैंगनी नीला ही होता है. लेकिन हमारी आंखें बैंगनी रंग के प्रति अधिक संवेदनशील नहीं होती हैं और इसी वजह से उन्हें आसमान बैंगनी नीला नहीं दिखाई देता है, वे केवल नीला रंग ही महसूस करती हैं जिससे हमें आसमान केवल नीला दिखता हुआ लगता है. वहीं दिन और हालात में अलग-अलग समय पर रंगों का बिखराव बदलता है जिससे आसमान का रंग भी बदलता दिखता है.

## संक्षिप्त खबरें

### फड़ ठेली लगाने के लिए जल्द बने वेंडिंग जोन

देहरादून। विभिन्न संगठनों और राजनैतिक दलों से जुड़े लोगों की ओर से मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसके माध्यम से फड़ ठेली लगाने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाने और उनके लिए वेंडिंग जोन बनाने की मांग की गई। सचिव सीपीआईएम देहरादून अनंत आकाश ने बताया कि इस मांग को लेकर निरंतर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जिसे सीपीआईएम, सीपीआई, सीपीआईएमएल, कांग्रेस, आयूपी, जेडीएस, पहाड़ी पार्टी, एटक, इंटक समेत विभिन्न संगठनों और राजनैतिक दल अपना समर्थन दे रहे हैं।

### बाल विनीता आश्रम का शताब्दी समारोह 17 से

देहरादून। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्री श्रद्धानंद बाल वनिता आश्रम का शताब्दी समारोह 17 और 18 फरवरी को मनाया जाएगा। इसमें भारतीय वेदों के महत्व के साथ ही विभिन्न विषयों पर मंथन होगा।मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में आश्रम के प्रधान सुधीर गुलाटी ने कहा तिलक रोड स्थित आश्रम में होने वाले समारोह के पहले दिन वैदिक विद्वान अपनी बात रखेंगे। इसमें वर्तमान परिवेश में स्वामी श्रद्धानंद का योगदान, वैदिककाल की नारिएं एवं वर्तमान नारी का कर्तव्य, भारतीय संस्कृति में वेदों का महत्व और राष्ट्र के सम्मुख चुनौतियां-वैदिक सत्य सनातन धर्म की भूमिका विषय पर चर्चा होगी। इस दौरान स्मारिका का विमोचन भी होगा। इस मौके पर अधिष्ठाता धीरेंद्र मोहन सचदेवा, कोषाध्यक्ष स्नेहलता खट्टर आदि मौजूद रहे।

### एमडीडीए ने फ्लैटों की बिक्री के लिए लगाया कैंप

देहरादून। मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने सोमवार को ट्रांसपोर्टनगर स्थित कार्यालय के सामने शिविर लगाया। अफसरों ने बताया कि फ्लैट खरीदने पर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को एक प्रतिशत, एकमुश्त भुगतान पर दो प्रतिशत की छूट मिलेगी। खरीदारों को जीएसटी में भी बारह प्रतिशत की छूट है। एई सुधीर गुप्ता ने बताया कि आईएसबीटी में 145 थ्री-बीएचके, ट्रांसपोर्टनगर में 35 टू-बीएचके और आमवाला तरला में एलआईजी श्रेणी के 64 फ्लैट हैं। इनकी कीमत क्रमशः 71 लाख 50 हजार, 49 लाख पचास हजार और 22 लाख रुपये निर्धारित है। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि देहरादून के अलावा सेलाकुई में भी कैंप लगाए जाएंगे।

### सडक किनारे खड़ी बस में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

देहरादून। रांझावाला में सडक किनारे खड़ी टूरिस्ट बस में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।एफएसओ देहरादून सुरेश चंद्र ने बताया कि सोमवार रात करीब 12.45 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर गांधी रोड स्थित फायर स्टेशन से टीम मौके पर पहुंची। लीड फायर मैन प्रभाकर डबराल, महिला फायरमैन शिवानी रावत, डिंपल रावत और चालक सुनील रावत ने बस पर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। बस मनोज सिंह बिष्ट निवासी रांझावाला की बताई जा रही है। बस आग लगने का कारण पता नहीं लग पाया है। आग से बस में काफी नुकसान हुआ है। आग लगने के वक्त बस में कोई मौजूद नहीं था।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करेगी संस्था

देहरादून। वेद शास्त्र रिसर्च एंड फाउंडेशन की ओर से बुधवार को हरिद्वार बाईपास रोड स्थित सांस्कृतिक विभाग ऑडीटेरियम में सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कई जनप्रतिनिधियों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था की पदाधिकारी डॉ वैदेही तमान ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी शिरकत करेंगे। इस दौरान संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### एमडीडीए ने फ्लैटों की बिक्री के लिए लगाया कैंप

देहरादून। मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने सोमवार को ट्रांसपोर्टनगर स्थित कार्यालय के सामने शिविर लगाया। अफसरों ने बताया कि फ्लैट खरीदने पर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को एक प्रतिशत, एकमुश्त भुगतान पर दो प्रतिशत की छूट मिलेगी। खरीदारों को जीएसटी में भी बारह प्रतिशत की छूट है। एई सुधीर गुप्ता ने बताया कि आईएसबीटी में 145 थ्री-बीएचके, ट्रांसपोर्टनगर में 35 टू-बीएचके और आमवाला तरला में एलआईजी श्रेणी के 64 फ्लैट हैं। इनकी कीमत क्रमशः 71 लाख 50 हजार, 49 लाख पचास हजार और 22 लाख रुपये निर्धारित है। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि देहरादून के अलावा सेलाकुई में भी कैंप लगाए जाएंगे।

### अज्ञात द्वारा घर में घुसकर हजारों की चोरी

रुडकी। घर में घुसकर रकम और मोबाइल फोन चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के आमखेड़ी निवासी सुशील ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर को चोरों ने निशाना बनाया। परिवार के सभी लोग सो रहे थे, तभी आरोपियों ने घर में रखे बीस हजार रुपये तथा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह जागने पर घटना की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### क्षेत्र से नशा तस्करों का सफाया करना प्राथमिकता

रुडकी। कलियर के थानाध्यक्ष दिलबर नेगी और धनौरी चौकी प्रभारी मनोज सिरौला ने धनौरी चौकी में गणमान्य लोगों से साथ बैठक की। उन्होंने लोगों से अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस को सहयोग देने की अपील की। कहा कि नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के साथ जनता को भी अभियान चलाना होगा, तभी युवा पीढ़ी नशे के जहर से बच पाएगी। उन्होंने कहा कि समाज में फैली बुराइयों को तभी दूर किया जा सकता है जब पुलिस और समाज के लोगों के बीच अच्छे संबंध हों। उन्होंने कहा क्षेत्र में नशे के धंधे को रोकना प्राथमिकता रहेगी। कहा कि क्षेत्र में आपराधिक प्रवृति के लोगो के लिए कोई जगह नहीं है। इनको किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगो से पुलिस सख्ती के साथ पेश आएगी।

### अपहृत किशोरी का शव गंग नहर से बरामद

रुडकी। पुलिस ने आसफ नगर झाल से एक किशोरी का शव बरामद किया है। पुलिस के पर्सनल व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उसके शिनाख्त हो पाई। इसके बाद उसके परिजन मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने उसकी शिनाख्त की। इस मामले में रानीपुर थाने में एक नामजद आरोपी के खिलाफ किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज है।

# उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग की महिलाओं को बड़ी सौगात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 14 फ़रवरी , राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं और मातृ-शिशु के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसके तहत हरिद्वार में जल्द ही मातृ-शिशु की देखभाल के लिए 200 बेड का स्वास्थ्य विंग बनेगा। राज्य सरकार ने यह तय किया गया है कि सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद यदि महिला 48 घंटे तक रहती है तो उसे 02 हजार रुपये दिये जाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए हीमोग्लोबिन मीटर और स्ट्रिप्स के आदेश जारी किए गए हैं।





आपको बता दें कि मुख्य सचिव का पद्भार ग्रहण करते ही राधा रतूड़ी ने सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग के मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर की। जिसमें स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, और सभी जिलाधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आदेश दिये थे कि मातृ-शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएं। उन्होंने मातृ-शिशु के विभिन्न योजनाओं को तत्काल लागू करने का निर्देश अधिकारियों को दिये थे। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के निर्देशों पर मुहर लगाते हुए गर्भवती महिलाओं के हितों से जुड़े कई बड़े फैसले लिए हैं।

बदली जायेंगी पुरानी एम्बुलेंस

मुख्य सचिव के दिषा-निर्देषों के बाद स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेष कुमार ने मातृ-षिषु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिषा में कई अहम कदम उठाए हैं। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा उत्तराखंड डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि सभी पुरानी और खराब एम्बुलेंसों को प्राथमिकता के आधर पर बदला जाएगा।


262 नई डोली पालकियां

स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से जिलों को अगले कुछ वर्षों में 262 नई डोली पालकियां प्रदान की जाएंगी। गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग शगुन योजना को बढ़ावा दे रहा है। इस योजना के तहत, गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में प्रसव के बाद 48 घंटे तक रहने के बाद 2000 रुपये दिये जाने के प्रावधान किए गए हैं।

गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की मॉनीटरिंग

स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं को आयरन और फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियां भी उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मातृ और नवजात मृत्यु की समीक्षा और रिपोर्टिंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक उपाय चल रहे हैं। डा. आर राजेश कुमार ने बताया कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं पर नजर रखने के लिए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जा रही है। उन्होंने मातृ-षिषु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की निगरानी पर ध्यान देने के साथ वन स्टॉप सेंटर के उपयोग करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि ये पहल उत्तराखंड में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## संपादकीय



### एमएसपी की गारंटी नहीं

देश की राजधानी दिल्ली में 12 मार्च तक धारा 144 लागू कर दी गई है। हरियाणा के करीब 15 जिलों में भी निषेधाज्ञा की स्थिति है। जाहिर है कि हालात सामान्य नहीं हैं। एक बार फिर किसान संगठनों ने लामबंद होकर 'दिल्ली कूच' का आह्वान किया है। भारतीय किसान यूनियन (राकेश टिकैत समूह) ने 16 फरवरी को 'भारत बंद' का आह्वान किया है। किसानों ने अपने आंदोलन के लिए संवेदनशील समय चुना है। देश में आम चुनाव की गतिविधियां आरंभ हो गई हैं। ऐसे मौके पर अपनी मांगों को लेकर भारत सरकार को झुकने पर बाध्य किया जा सकता है। राजधानी में एक माह तक लगातार धारा 144 लागू करने की स्थिति देशहित में नहीं है। दिल्ली के तीन बॉर्डर पर किलेबंदी भी की गई है। सडक़ पर लोहे की कीलें गाडऩा, कंटीली तारें, लोहे और सीमेंट के विशालकाय अवरोधक, भारी कंटेनर और डंपर लगाकर रास्ते रोकने के दृश्य बीते किसान आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं। हरियाणा के कई जिलों में तो मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस की सेवाओं पर पाबंदियां चस्पां कर दी गई हैं। दिल्ली बॉर्डर और पंजाब-हरियाणा में सुरक्षा बलों और पुलिस के हजारों जवान तैनात किए गए हैं, मानो यह कोई भारत-पाकिस्तान सीमा हो और युद्ध के आसार हों! भारत सरकार और किसानों के बीच मतभेद और विवादास्पद समस्याएं सनातन रही हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की किसान नेताओं के संग बैठक और बातचीत बेनतीजा रही हैं, लेकिन बिजली कानून, 2020 को रद्द करने, लखीमपुर के किसानों को मुआवजा, पिछले आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, किसानों पर दर्ज आपराधिक मामलों की वापसी आदि मुद्दों पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन बुनियादी गतिरोध न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के गारंटी कानून पर है। जब करीब दो साल पहले किसान आंदोलन समाप्त किया गया था, तब खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इन मांगों को लेकर किसानों को आश्वस्त किया था। सवाल है कि सरकार एमएसपी पर अपनी नीति को स्पष्ट क्यों नहीं करती? यदि एमएसपी गारंटी कानून व्यावहारिक, संभव नहीं है, तो सरकार किसानों को अपना फैसला क्यों नहीं बताती? क्या आम चुनाव के मद्देनजर यह जोखिम नहीं उठाया जा सकता? वैसे भारत सरकार सिर्फ 23 फसलों पर ही एमएसपी की घोषणा करती है। उनमें भी गेहूं और धान की फसलों की खरीद ही एमएसपी पर होती है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए सरकार को इन फसलों की व्यापक खरीद करनी पड़ती है। सरकार जिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटती है, उसके लिए भी थोक में बंदोबस्त करना अनिवार्य है। इसके बावजूद करीब 12-14 फीसदी किसानों को ही खरीद का लाभ मिल पाता है। शेष 85 फीसदी से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं। वे सरकारी खरीद के दायरे में बहुत कम आ पाते हैं। इसके अलावा, सरकार के लगातार प्रचार के बाद मोटे अनाज में अब बाजरे की खेती का क्षेत्र बढ़ा है, लिहाजा उसकी खरीद भी बढ़ी है। बाजरे का एमएसपी अच्छा-खासा घोषित किया जाता है। आंदोलित किसानों की सनातन और निरंतर मांग रही है कि एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## जमीन बेचने के नाम पर रेस्टोरेंट स्वामी से एक करोड़ से ज्यादा की ठगी

हरिद्वार। भूमि बेचने के नाम पर बार-रेस्टोरेंट स्वामी से एक करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी कर ली गई। आरोप है कि रकम वापस मांगने पर हत्या की धमकी दी गई। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के आदेश पर सिडकुल पुलिस ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पेंटागन मॉल में स्थित कैप्टन कैलेवरी बार रेस्टोरेंट के स्वामी आलोक कुमार गुप्ता निवासी जी-11 शिवालिक नगर रानीपुर ने एसएसपी को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव आन्नेकी हेत्तमपुर में करीब 52 बीघा भूमि खरीदने का सौदा छह लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से तय किया था। उसने भूमि स्वामी रिहाना,उसके परिवार के इमरान को वर्ष 2007 में 60 लाख एडवांस दे दिए थे।

परिवार के चार सदस्यों ने उसके हक में अपने हिस्से का बैनामा कर दिया था, लेकिन रिहाना और इमरान बैनामा करने के नाम पर टाल मटोल करते रहे। कुछ समय बाद भूमि का दाम बढ़ाकर देने की बात कही। उसने उनकी बात पर हामी भरते हुए सात लाख रुपये बीघा के हिसाब से शेष भूमि का वर्ष 2012 में फिर से इकरारनामा कर लिया।

रिहाना और उसके पुत्र आरिफ को 10 लाख 50 हजार रुपये दे दिए। आरोप है कि अलग-अलग तारीखों में 68 लाख 90 हजार की रकम दे दी गई। इमरान भी रकम लेता रहा। आरोप है कि बैनामे की तारीख बार-बार बढ़ाते रहे। आरोप है कि उसके बाद बैनामा करने से भी इंकार कर लिया और रिहाना, उसके पुत्र आरिफ ने 68 लाख 90 हजार, जबकि इमरान ने 39 लाख 17 हजार हड़प लिए। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि इस संबंध में मां-बेटे समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपियों के कब्जे से चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस की मानें तो आरोपी नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले दर्ज किए गए थे। वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### सडक़ किनारे से बाइक चोरी

रुडक़ी। पुलिस के अनुसार गत दिवस पुहना गांव निवासी मोईन ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि वह किसी काम से करौंदी गांव आया था। अपनी बाइक सडक़ के किनारे खड़ी कर अपने काम को चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटने पर वहां बाइक नहीं दिखी। भगवानपुर थाना प्रभारी सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### गंगनहर से एक सप्ताह बाद मनीषा का शव बरामद

रुडक़ी। पुलिस ने तीन दिन पूर्व पत्नी को अपने नौकर के साथ मिलकर गंगनहर में फेंक कर हत्या के मामले का खुलासा किया था। मामले में मृतका का शव बरामद नहीं हुआ था। अब एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को मनीषा के शव को गंगनहर से बरामद कर लिया है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम जलालपुर लीला जनपद मुजफ्फरनगर निवासी मनीषा का विवाह वर्ष 2019 में हस्तिनापुर मेरठ निवासी अतेंद्र के साथ हुआ था। उनके दो बच्चे भी हैं। सात फरवरी की शाम को आरोपी ने अपने नौकर के साथ मिलकर पत्नी को नशा कराया। इसके बाद दोनों ने कैनाल रोड नसीरपुर पुल के निकट मनीषा को नहर में फेंक दिया था।

### नालियों पर हुए अतिक्रमण को स्वयं हटाएं

रुडक़ी। नगर पंचायत क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी नौशाद हसीन के नेतृत्व में मंगलवार को टीम ने बाजार में एनाउंसमेंट करते हुए नालियों पर हुए अतिक्रमण को स्वयं हटाने को कहा है। अन्यथा कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों ने नालियों पर कब्जा किया है वह स्वयं हटा लें। साथ ही, अभियान चलाते हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

### बाल मेले की आड़ में बार बालाओं का डांस

रुडक़ी। भगवानपुर के खेलपुर मार्ग पर बाल मेले की आड़ में बार बालाओं का अश्लील डांस परोसे जाने का स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है। आरोप है कि डांस के दौरान एक दिन कुछ लोगों में विवाद तक हो गया। मेले की अनुमति केवल बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, मिठाइयों, खिलौने आदि की दुकान के लिए है। आरोप है कि रात्रि के दौरान आयोजक भीड़ बढ़ाने के लिए प्रतिदिन बार बालाओं का अश्लील डांस करा रहे हैं। मामले की जानकारी पुलिस को भी लगी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सूर्यभूषण नेगी ने बताया कि मेले में इस तरह की कोई घटना हुई है, तो उसकी जांच की जाएगी। जांच के बाद आयोजकों पर कार्रवाई की जाएगी।

### ज्वालापुर क्षेत्र से स्कूटर चोरी

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र से स्कूटर चोरी कर लिया गया। वाहन स्वामी अरुण कुमार मदान निवासी सिखौला चौक मोहल्ला नीलखुदाना का स्कूटर पुल जटवाड़ा पुल के पास खड़ा था, जहां से चोरी कर लिया गया। एसएसआई राजेश बिष्ट ने बताया कि वाहन चोर को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### शिक्षक रविंद्र कुमार को सम्मानित किया

हरिद्वार। देश के प्रतिष्ठित शिक्षक अवार्ड विद्या विभूति सम्मान से सम्मानित होने पर भगवानदास संस्कृत महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रविंद्र कुमार आर्या गुर्जर को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय वीर गुर्जर सेना के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सोनू गुर्जर ने साथियों के साथ उन्हें सम्मानित किया। सोनू टिकोला ने कहा डॉ. रविन्द्र ने केवल अपना ही नहीं बल्कि समस्त गुर्जर समाज को गौरवान्वित किया है। इस मौके संगठन मंत्री रवि चंदेला, अंकित भाटी, डॉ. रामकुमार चौधरी, बिजेंद्र गुर्जर, पंकज गुर्जर आदि ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

### सडक़ न बनी तो चुनाव बहिष्कार

चमोली। कर्णप्रयाग विकास खंड के किमोली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सडक़ की मांग पूरी न होने पर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया है। मंगलवार को किमोली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग के माध्यम से जिलाधिकारी चमोली को ज्ञापन भेजा।ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ न होने के कारण उन्हें दो किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है।

# सिडकुल में 90 करोड़ की लागत से बनेगा एक्वा पार्क : सौरभ बहुगुणा






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 14 फ़रवरी , उत्तराखंड में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चारा उत्पादन सहकारी समिति (एफपीओ) के माध्यम से निशुल्क चारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।दुग्ध समिति जिला अध्यक्ष प्रभा रावत के परिसर में स्थित चारा उत्पादन सहकारी समिति कार्यालय का उद्घाटन करने के पश्चात कैबिनेट मंत्री ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शक्तिफार्म क्षेत्र में करीब एक हजार समूह कार्यरत हैं।

इनमें से सात सौ महिलाएं चारा उत्पादन सहकारी समिति से जुड़ी हैं। इन महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए निशुल्क चारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि वह चारा उत्पादन कर साइलेज निर्माण कर सके। उन्होंने मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इसमें महिलाओं को 50 फीसदी तक सब्सिडी दी जा रही है। मंत्री ने क्षेत्र में शिविर लगाकर महिलाओं को इस योजना से जोड़ने की बात कही। कहा कि सरकार कुक्कुट वैली और गोट वैली प्रोजेक्ट से महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना चला रही है।

उन्होंने सिडकुल में 90 करोड़ की लागत से एक्वा पार्क बनाने और राजनगर में 78 करोड़ की लागत से आइसक्रीम फैक्ट्री के निर्माण करने की बात कही। कहा कि इससे मछली उत्पादकों को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। मंत्री ने नवनिर्वाचित दुग्ध संघ अध्यक्ष प्रभा रावत को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।इस दौरान यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश रावत भाजपा में शामिल हुए।

संचालन जिला मंत्री मयंक अग्रवाल ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रामाणिक, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष योगेंद्र रावत, सुनील विश्वास, कार्तिक राय, आदेश ठाकुर, विधान दास, शिखा हालदार, मलिना, देबू मण्डल, सरिता, मीना, महेंद्र सिंह आदि थे।

## उपनल कर्मचारियों की हड़ताल से कामकाज प्रभावित

पौड़ी। उपनल कर्मियों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताली कर्मचारियों ने रामलीला मैदान में धरना दिया। उपनल कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से विभिन्न विभागों का काम काज प्रभावित होने लगा है। मंगलवार को रामलीला मैदान में धरना देते हुए उपनल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि मानदेय में 40 फीसदी की बढ़ोतरी करने, समान कार्य के लिए समान वेतन देने, हटाए हुए कर्मचारियों को फिर से बहाल करने आदि की मांग सरकार से की जा रही है लेकिन सरकार कर्मचारियों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिसके चलते हड़ताल का निर्णय लिया गया है। कहा कि जल्द ही समस्याओं का हल नहीं होने पर आंदोलन को उग्र किया जाएगा। वहीं, उपनल कर्मचारियों की हड़ताल को सीटू ने भी समर्थन दिया। सीटू के जिला महामंत्री देवानंद नौटियाल ने कहा कि सरकार जानबूझकर उपनल कर्मचारियों को नियमित नहीं कर रही है। हाईकोर्ट के समान कार्य के लिए समान वेतन के आदेश को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी है। उपनल कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार पर चले जाने से डीएसओ, कृषि, वन, आयुर्वेदिक विभाग, शिक्षा विभाग, भरसार विश्वविद्यालय में कामकाज प्रभावित रहा। कार्यबहिष्कार में मनमोहन, प्रदीप, बृजमोहन, शैलेंद्र, कृष्ण कुमार, मनजीत, हरीश रावत आदि शामिल रहे।

## डॉ. बी गोपाल की प्रतिमा परिसर में हो स्थापित

पौड़ी। शहर के पुराने कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित डा. बी गोपाल रेड्डी की प्रतिमा को छात्र संघ पदाधिकारियों ने हेमती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीजीआर पौड़ी परिसर में लगवाने की मांग की है। उन्होंने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही डा. बी गोपाल रेड्डी की प्रतिमा को पौड़ी परिसर में लगाने की मांग की है। छात्र संघ अध्यक्ष ऋत्विक सिंह असवाल के नेतृत्व में छात्रों के एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को डीएम डॉ.आशीष चौहान से मुलाकात की। इस दौरान ऋत्विक असवाल ने कहा की पुराने कलेक्ट्रेट भवन को हेरिटेज भवन के रूप में तब्दील किया जा रहा है। बताया कि डॉ बी गोपाल रेड्डी के नाम पर बीजीआर कैंपस पौडी का नाम रखा गया है। लिहाजा उनकी प्रतिमा को अब बीजीआर परिसर पौड़ी को हस्तांतरित कर देना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में विनय रावत, सूरज नवानी, मनजीत असवाल, कुनाल रावत आदि की मौजूदगी रही।

### बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

पौड़ी। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम ने अफसरो को बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम डा.आशीष चौहान ने बैठक में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना आदि से जुड़े विभागीय अफसरो को दुर्घटना संभावित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए चेतावनी व संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर की जरूरत होने पर उसे लगाने, क्रैश बेरियर्स, रंबल स्ट्रीट आदि की कार्रवाई जल्द पूरी करने को कहा। डीएम ने पुलिस महकमे को नशे में वाहन संचालन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा। कहा कि हाल ही के समय में जहां पर भी सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई हैं उनकी केस स्टडी करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके। बैठक में अधीक्षण अभियंता पीएस बृजवाल, सीओ अनुज कुमार आदि शामिल रहे।

### पीएमएवाई के लाभार्थियों की सूची बनाने के निर्देश

पौड़ी। थलीसैंण में बहुद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत ने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना की शिकायतों पर बीडीओ को ग्राम सभा की खुली बैठकों का आयोजन करवाकर पीएमएवाई के पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। लोनिवि, पेयजल व विद्युत संबंधी शिकायतों पर संबंधित अफसरों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 16 को रुद्रप्रयाग में प्रदर्शन करेंगी

रुद्रप्रयाग। मानदेय में बढोतरी की मांग को लेकर जनपद की आंगनबाडी कार्यकर्ता/सेविका/मिनी कर्मचारी संगठन ने 16 फरवरी को मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके। आंगनबाडी कार्यकर्ता/सेविका/मिनी कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष सुनीता देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लगातार सरकार से मानदेय बढ़ाने की मांग करती आ रही है, किंतु अभी तक उनकी मांग पर कोई सरकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए 600 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 18000 मानदेय किया जाए साथ ही वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष सबका मानदेय बढ़ा दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत होने पर 2 लाख देने का प्रावधान रखा जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। कहा कि इंटर पास होने के साथ ही सीनियर कार्मिकों को 50 वर्ष पूरे होने पर उनके मानदेय वृद्धि देने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड जारी किए जाएं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोषण ट्रेकर के साथ ही स्वास्थ्य विभाग से जुड़े समस्त कार्य, पोलियो पिलाने, बीएलओ का काम पूरी निष्ठा से करते आ रहे है, किंतु फिर उनका मेहनताना नहीं मिल पा रहा है। कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की बात तो रही है, लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों को अनदेखा कर रही है। उन्होंने बताया कि अपनी मांगों को लेकर 16 फरवरी को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने जनपद की सभी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को आंदोलन में अपना सहयोग देने का आह्वान किया है।

### भोजनमाताएं 16 को करेंगी प्रदर्शन

पौड़ी। सीटू से संबंद्ध उत्तराखंड भोजनमाता कामगार यूनियन न्यूनतम वेतन 26 हजार देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 16 फरवरी को प्रदर्शन करेंगे। यूनियन की प्रांतीय अध्यक्ष रोशनी बिष्ट ने बताया कि भोजनमाताओं को न्यूनतम वेतन 26 हजार देने, समान कार्य के लिए समान वेतन देने, भोजनमाताओं की छटनी बंद करने आदि मांगों के हल को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। कहा कि पुरानी भोजनमाताओं को जबरन स्कूलों से हटाया जा रहा है और नई भोजनताओं की नियुक्ति की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### गौचर में नन्दा गौरा महोत्सव कल

चमोली। महिला स्वयं सेवी संस्थाओं से जुड़ी महिलाओं समेत सभी नारी शक्ति को सम्मान देने को लेकर 15 फरवरी को गौचर मैदान में नन्दा गौरा महोत्सव का आयोजन होगा। इसके लिए मेजबान चमोली प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेश के अन्य जिलों में अब तक आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं जुटी है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने नन्दा गौरा महोत्सव को लेकर नोडल अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नंदा गौरा महोत्सव की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए भोजन, पानी, शौचालय सहित वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु पुख्ता इंतेजाम सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चमोली जिले की महिला स्वयं सहायता समूहों की हस्तकला और उद्यम का सम्मान किया है। भोज पत्र पर लेखन और चित्रकारी की सरहाना की है। चमोली प्रशासन महिलाओं को भोज पत्र पर कैलिग्राफी का प्रशिक्षण दे भी रहा है। साथ ही रांच पर बनते पारम्परिक वस्त्र कालीन को भी पुनर्जीवित किया जा रहा है। माना जा रहा है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महिला स्वयं सहायता समूहों के बीच भोज पत्र की कैलिग्राफी कला और रांच पर बनाये जाने वाले वस्त्र और कालीन बनाने की कला भी देखेंगे।

### डिजिटल मार्केटिंग की नवीनतम जानकारियां दी

पौड़ी। कोट ब्लाक के राइंका खोलाचौरी में छात्र छात्राओं को कैरियर और गाइडेंस की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मार्गदर्शक विषेशज्ञ डीप इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष परमबीर सिंह रावत ने छात्र छात्राओं को कौशल विकास, पर्यटन व्यवसाय, मेडिकल क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट सेक्टर, स्वरोजगार, ट्रैवल जर्नलिज्म, वोकेशनल कोर्स, होटल इंडस्ट्रीज के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान समय की मांग को ध्यान में रखकर डिजिटल मार्केटिंग के बारे में नवीनतम जानकारियां साझा की।

### दुर्घटना में पिता की मौत, बेटा घायल

रुद्रप्रयाग। बांसवाड़ा-मोहनखाल मोटर मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 6 साल का बालक घायल हो गया। सूचना पर डीडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर घायल को अस्पताल पहुंचाया जबकि मृतक का शव भी खाई से निकाल दिया गया। जानकारी के अनुसार बीते रात बांसवाड़ा-मोहनखाल मोटर मार्ग स्थान अखोडी भणज के समीप एक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया है। वाहन में राकेश सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी बलसुडी अखोडी की मौत हो गई जबकि उसका 6 वर्षीय बेटा रुद्र सिंह पुत्र राकेश सिंह घायल हो गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सूचना मिलते ही जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र द्वारा डीडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया। रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर खाई से मृतक राकेश सिंह का शव बरामद कर लिया जबकि घायल रुद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

### रुद्रप्रयाग के केदारनाथ तक आसमान में छाए रहे बादल

रुद्रप्रयाग। बीते कुछ दिनों अच्छी धूप के बाद मंगलवार को मौसम ने फिर करवट बदल ली है। माघ महीना खत्म होते ही मौसम बदलने लगा है। आसमान ऐसा ही रहा तो आने वाले दिनों में बारिश की भी संभावना जताई जा रही है। रुद्रप्रयाग से केदारनाथ धाम तक मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहे जिससे लोगों को ठिठुरन का अहसास हुआ। इस बार फरवरी माह में बारिश और बर्फबारी होने से प्रकृति के साथ ही आम जन मानस को कुछ राहत मिली है। हालांकि आज बसंत पंचमी से ऋतुराज बसंत का भी आगमन हो रहा है। जिससे प्रकृति में सुंदरता देखने को मिलेगी किंतु फिर बारिश और बर्फबारी हुई तो प्रकृति में और भी निखार आ जाएगा। मंगलवार को मुख्यालय सहित जनपद के सभी निचले इलाकों में आसमान में बादल छाए रहे। धूप काफी हल्की रही जिससे लोगों को ठंड का सामना करना पड़ा।